आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

'आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठक में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से उत्पन्न स्थिति में भारतीयों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने का किया आहवान
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उर्वरकों की जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के राज्यों को दिए निर्देश
- शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र की आज अंतिम बैठक–प्रश्नकाल के अलावा निपटाए जाएंगे अन्य विधायी कार्य
- प्रदेश भर में हनुमान जन्मोत्सव की धूम–हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता–धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन
- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर कल से 10 जिलों में आंधी व ओलावृष्टि का अलर्ट किया जारी

सीएस बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के कार्यक्रमों की समीक्षा करने और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से संबंधित पहल पर विचार विमर्श करने के लिए कल सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की विशेष बैठक की अध्यक्षता की।बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री ने आम आदमी के लिये आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता का आकलन किया। उन्होंने देश में उर्वरकों की उपलब्धता और खरीफ व रबी फसलों के दौरान इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि चल रहे संघर्ष के प्रभाव से नागरिकों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। नरेन्द्र मोदी ने सभी संबंधित विभागों को यह भी निर्देश दिया कि वे वर्तमान वैश्विक स्थिति से प्रभावित नागरिकों और क्षेत्रों की समस्याओं को कम करने के लिए हर संभव उपाय करें।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि 19 राज्यों में अब तक 9 करोड़ 25 लाख किसान पहचान पत्र बनाए जा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ कल समीक्षा बैठक की। उन्होंने राज्यों को उर्वरकों की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ

सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए, उनकी शिकायतों का समय पर निवारण होना चाहिए और खरीद सीधे किसानों से की जानी चाहिए।

विधानसभा

प्रदेश की 14वीं विधानसभा के 11वें सत्र की आज अंतिम बैठक है। सत्र की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। सदन में तारांकित प्रश्नों के उत्तर दिए जाएंगे, जबकि अतारांकित पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्नों के उत्तर सभापटल पर रखे जाएंगे। सदन में सरकारी विधायकों पर विचार विमर्श व पारण होगा। नियम–324 के तहत सदस्य विक्रम सिंह शिमला स्थित नाभा की आवासीय कॉलोनी में उत्पन्न हो रही सीवरेज व्यवस्था की समस्या का मामला उठाएंगे। विधायक सुखराम चौधरी और चंद्रशेखर नियम–61 के तहत अपने–अपने विषय उठाएंगे। सत्र के आज भी हंगामेदार रहने के आसार हैं।

प्रदर्शन

एंट्री टैक्स के विरोध में सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों ने प्रदर्शन कर सरकार से इसे वापिस लेने की मांग की है। पंजाब और हिमाचल की सीमा पर उना जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय उच्च मार्ग मैहतपुर अंतरराज्यीय बैरियर पर कल लोगों ने प्रदर्शन किया। 'इलाका बचाओ संघर्ष मोर्चा' के बैनर तले प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान काफी समय तक ट्रैफिक जाम रहा और वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा गया। मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह एंट्री टैक्स उन लोगों को विशेष रूप से नुकसान पहुंचा रहा है, जो दोनों तरफ के सीमावर्ती इलाकों में रहते हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनका यह प्रयास तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार इस बढ़ोतरी को वापस नहीं ले लेती। उधर सोलन जिले के परवाणू बैरियर पर भी लोगों ने इस प्रवेश शुल्क को लेकर सरकार की कड़ी निंदा करते हुए ज्यादा शुल्क वसूलने के आरोप लगाए।

संदीपनी भारद्वाज

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा है कि सरकार द्वारा एंट्री टैक्स की दरों में यथास्थिति बहाल रखने के आदेश के बावजूद ज़मीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में बयान देने के के बावजूद लोगों से अभी भी एक सौ 70 रूपए तक की पर्ची काटी जा रही है जो साफ तौर पर प्रशासनिक विफलता और भ्रष्ट तंत्र की ओर इशारा करता है। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि सरकार के आदेश केवल कागज़ों तक सीमित हैं, ज़मीनी स्तर पर कोई पालन नहीं हो रहा है।

हनुमान जन्मोत्सव

देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में आज हनुमान जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी शिमला के जाखू व संकटमोचन सहित अन्य हनुमान मंदिरों में श्रद्धालु सुबह से ही दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

राजधानी शिमला के एतिहासिक जाखू मंदिर सहित संकटमोचन व अन्य हनुमान मंदिरों में आज हनुमान जन्मोत्सव पर माहौल भक्तिमय बना हुआ है। इस अवसर पर मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है। जाखू मंदिर में हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने मंदिर के कपाट सुबह चार बजे खोल दिए थे। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों से एचआरटीसी की विशेष टैक्सियों की व्यवस्था की गई है। विशेष पूजा अर्चना के बाद जाखू मंदिर में हनुमान जी को डेढ़ क्विंटल आटे का रोट चढ़ाया गया। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों में भंडारों का आयोजन भी हो रहा है। समाचार कक्ष से प्रादेशिक समाचार के लिए मैं राजकुमारी चंदेल

ओपीडी

राज्य सरकार ने राजधानी शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से गायनॉकोलोजी विभाग की ओपीडी को आईजीएमसी शिफट कर दिया गया है। हालांकि कुछ समय के लिए ये ओपीडी अभी कमला नेहरू अस्पताल में भी चलती रहेगी। इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज आईजीएमसी शिमला के कैंसर अस्पताल व टर्शरी केयर सैंटर में पैट–स्कैन का शुभारंभ करेंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादलों के बीच हल्की धूप खिली है। मौसम विभाग के अनुसार उच्च व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में आज हल्की बारिश व बर्फबारी जबकि अन्य भागों में मौसम के साफ रहने का अनुमान है। कल 3 अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश का दौर फिर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग ने 3 व 4 अप्रैल को प्रदेश के 10 जिलों में आंधी–बिजली व ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है।

कार्यशाला

केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में चार व पांच अप्रैल को एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमें देश–विदेश के डेढ़ सौ से अधिक भूवैज्ञानिक हिस्सा लेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने बताया कि ये कार्यशाला 1905 के कांगड़ा भूकंप की स्मृति में आयोजित की जा रही है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में 126 यूनिट से ज्यादा बिजली खपत करने पर अब घरेलू उपभोक्ताओं की सब्सिडी बंद। जबकि पंजाब केसरी के शब्द हैं–अति गरीब परिवारों को मिलेगी 300 यूनिट फ्री बिजली, प्रति राशन कार्ड 2 बिजली मीटर पर ही सब्सिडी। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–हिमाचल के 12 निगम–बोर्ड लाभ में, दस चल रहे घाटे में। हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–मुख्यमंत्री का एलान–31 मई से पहले होंगे प्रदेश में पंचायती राज के चुनाव। दैनिक जागरण लिखता है–प्रवेश शुल्क बढ़ाने के विरोध में चक्काजाम–पंजाब व हरियाणा से जोड़ने वाले प्रवेशद्वारों पर बैठे प्रदर्शनकारी, लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी। दैनिक भास्कर का कहना है–शिक्षा विभाग में दिव्यांगों के लिए लेक्चरर के 37 पद, बीएड और पीजी में 50 प्रतिशत अंक की शर्त।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठक में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से उत्पन्न स्थिति में भारतीयों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने का किया आहवान
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उर्वरकों की जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के राज्यों को दिए निर्देश
- शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र की आज अंतिम बैठक–प्रश्नकाल के अलावा निपटाए जाएंगे अन्य विधायी कार्य
- प्रदेश भर में हनुमान जन्मोत्सव की धूम–हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता–धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन
- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर कल से 10 जिलों में आंधी व ओलावृष्टि का अलर्ट किया जारी